


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 566 वर्ष 43

राँची, 31 मार्च, 2021

## सीसीएल ने 80 रेक कोयला प्रेषण कर रिकॉर्ड बनाया

सीसीएल ने रेलवे के माध्यम से एक दिन में सबसे अधिक 80 रेक कोयला प्रेषण कर एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले लगभग एक माह में कोयला प्रेषण में अपना ही रिकॉर्ड लगातार चौथी बार तोड़ा है जो कोयला उद्योग के क्षेत्र में अप्रत्याशित है।

अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने इस अदभुत उपलब्धि के लिए पूरे सीसीएल टीम को विशेषकर क्रय एवं विपणन के टीम, क्षेत्रीय महाप्रबंधक को बधाई देते हुये कहा कि यह टीम वर्क के बिना सम्भव नहीं था।

ज्ञातव्य हो कि 26 मार्च को एक दिन में 80 रेक कोयला प्रेषण कर अपना ही एक सप्ताह पूर्व का रिकॉर्ड (77 रेक) तोड़ा। इसी तरह 23 फरवरी को 64 रेक कोल डिस्पैच कर सर्वाधिक रेक का रिकार्ड बनाना प्रारंभ कर दिया था जिसे 12 मार्च को 73 रेक कोयला प्रेषण के साथ यह कीर्तिमान को नयी उंचाईयों पर ले गया। यह रिकॉर्ड भी उत्साहित टीम सीसीएल के सामने अधिक दिन टिक नहीं सका और 19 मार्च को 77 रेक कोयला प्रेषण किया गया।

## कोविड वैक्सीनेशन ड्राईव का दूसरा चरण प्रारंभ



नागरिकों हेतु कोविड वैक्सीनेशन ड्राईव का शुभारंभ करते अ.प्र.नि. श्री पी. एम. प्रसाद




कोविड वैक्सीनेशन ड्राईव का लाभ उठाते आम नागरिक

अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक (अप्रनि) श्री पी.एम. प्रसाद ने 45+ आयु वर्ग के नागरिकों हेतु कोविड वैक्सीनेशन ड्राईव का शुभारंभ केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में 05 मार्च को किया गया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा सहित सीएमएस सीसीएल डॉ डी.के. एल. चौहान, डॉ रत्नेश जैन, डॉ अनजना झा, डॉ आर.के. सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

श्री प्रसाद ने कहा कि यह हमारे देश के चिकित्सकों एवं वैज्ञानिकों का यह उल्लेखनीय योगदान है, जिन्होंने इतने कम समय में उत्कृष्ट कार्य करते हुए कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में हमें मजबूती प्रदान की है। उन्होंने अपील किया कि भारत सरकार द्वारा घोषित किये गए योग्यता मानदंडों में आने वाले सभी नागरिक वैक्सीन अवश्य लगवाएँ। सीसीएल ने कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अब हम अपने अस्पतालों में टीकाकरण अभियान की शुरुआत के साथ यह प्रयास को सतत जारी रखेंगे।

निदेशकगणों ने देश को कोविड–19 मुक्त करने की दिशा में की जा रही इस महत्वपूर्ण पहल हेतु चिकित्सा टीम को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## सीसीएल बोर्ड की माननीय सदस्या का गांधीनगर अस्पताल दौरा

सीसीएल बोर्ड की माननीय सदस्या, श्रीमती जाजुला गौरी ने 20 मार्च को केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर, रांची का दौरा किया। अवसर विशेष पर उन्होंने कोरोना वैक्सीन भी ली और भारत सरकार द्वारा निर्देशित योग्यता मापदंड में आने वाले सभी लोगों से वैक्सीन लेने की अपील भी की। इस दौरान गांधीनगर अस्पताल परिसर में उन्होंने हरी झंडी दिखाते हुये 3 (तीन) एम्बुलेंस सीसीएल परिवार को समर्पित किया।

## सीएमडी ने किया रेस्क्यू टीम को सम्मानित




सम्मान समारोह को सम्बोधित करते सीसीएल के अ.प्र.नि. श्री पी. एम. प्रसाद

एन.के. क्षेत्र में 06 मई को वीआईपी क्लब में 'कर्मवीर सम्मान समारोह' का आयोजन कर सभी सीसीएल के कर्मवीर को भूमिगत खदान के पूनः शुरूआत (Re-opening of Churi Underground Mine) के लिए उन्हें प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर निदे. तक. (संचा.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, सीवीओ श्री सुमित कुमार सिन्हा सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थिति थे।

## 'भारत का अमृत महोत्सव' का शुभारंभ

वर्ष 2022 में देश को आजादी मिले 75 वर्ष पूरे होंगे इसी उपलक्ष्य में 12 मार्च को पूरे भारतवर्ष सहित सीसीएल में भी अमृत महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मुख्यालय परिसर में निदे. तक. (संचा.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदे. तक. (यो./परि.) श्री भोला सिंह, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण ने सोशल डिस्टेशिंग का पालन करते हुये बापू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया व स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।

सीसीएल द्वारा इस महोत्सव के अंतर्गत 'गो ग्रीन, ड्रींक क्लीन' थीम पर विभिन्न पहल एवं कार्यक्रम जैसे वेबिनार, पेंटिंग, ड्राइंग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं इसी कड़ी में 12 मार्च को ही निदेशकगण एवं सीवीओ द्वारा मुख्यालय परिसर में स्थित उद्यान में पौधा रोपण किया गया।




अमृत महोत्सव के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते निदेशकगण



अमृत महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण करते श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदे. तक. (यो./परि.) एवं अन्य

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2021 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

मुख्यालय के 'कन्वेंशन सेंटर' में 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसका थीम 'महिला नेतृत्व : कोरोना काल में समान भविष्य की खोज (Women in leadership: Achieving an Equal Future in a COVID&19 World)' था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षा, अर्पिता महिला क्लब, श्रीमती विमला प्रसाद, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद, कर्नल (डॉ.) अर्चना भाटी, कुलपति, रांची यूनिवर्सिटी, डॉ कामिनी कुमार, निदेशक (वित्त) एचईसी श्रीमती सुश्री अरूण्धती पंडा, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री धर्मपत्नी श्रीमती बिन्दु सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सीसीएल मुख्यालय, विभिन्न क्षेत्रों एवं केंद्रीय अस्पतालों के महिला कर्मी सोशल डिस्टेंशिंग पालन करते हुये उपस्थित थीं ।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का एक दृश्य

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)